लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं.1

21 जून, 2019 को उत्तर दिए जाने के लिए

कोलार में वस्त्र पार्क

1. श्री एस. मुनिस्वामीः

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का कर्नाटक के कोलार में वस्त्र पार्क खोलने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार को इस संबंध में कोई अभ्यावेदन/अनुरोध प्राप्त हुआ है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कार्रवाई की गई है?

उत्तर

वस्त्र मंत्री

(श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी)

(क) से (घ): सरकार, एकीकृत वस्त्र पार्क योजना (एसआईटीपी) क्रियान्वित कर रही है जो प्रत्येक पार्क के लिए 40.00 करोड़ रुपए की सीमा के साथ परियोजना लागत का 40% तक भारत सरकार के अनुदान से वस्त्र इकाइयों की स्थापना करने के लिए विश्व स्तरीय अवसंरचनात्मक सुविधाओं के निर्माण के लिए सहायता प्रदान करती है। यह योजना मांग आधारित है। कोलार में वस्त्र पार्क की स्थापना करने के लिए वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार को कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

*****